तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार, 25 अगस्त 2024

14 देवकर सहित अंचल में श्रद्धा के साथ मनाया गया हलषष्ठी व्रत



12 कोरोना खत्म, पर लोकल ट्रेनों से नहीं हटा स्पेशल...





## खबर संक्षेप



### बस्ता मुक्त दिवस पर हुईं विविध गतिविधियां

**बेमेतरा।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में बस्तर मुक्ति दिवस पर मुस्कान पुस्तकालय के अनुसार पाठ्य सहगामी क्रिया से संबंधित प्रिंटरिच वातावरण के लिए विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषय पर आधारित ड्राइंग शीट कागज पर बच्चों द्वारा चित्र बनाकर प्रदर्शित किया गया। साथ ही स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आधारित कार्यक्रम किए गए। बच्चों ने गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। स्कूली बच्चे रंगबिरंगी फैंसी ड्रेस पहनकर बालकृष्ण एवं राधारानी के रूप में नजर आए। कार्यक्रम के दौरान शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे सहित सरस्वती साहू,राजेश्वरी ठाकुर, आगेश्वरी साहू, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।

### धारा 370 पर अपना रुख स्पष्ट करे कांग्रेस : डॉ निर्वाणी

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने जम्मू कश्मीर में धारा 370 को लेकर अपना रूख स्पष्ट करने को कहा है। डॉ



निर्वाणी ने अपने पत्र में कहा है कि जम्मू कश्मीर की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने कहा है कि अगर उनकी पार्टी जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत कर आती है, तो वह जम्मू कश्मीर के पुराने स्टेटस धारा 370 की बहाली कराएगी और उसी फारूक अब्दुल्ला, और उमर अब्दुल्ला की पार्टी के साथ कांग्रेस ने साथ में चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन बनाया है। डॉ निर्वाणी ने श्री बैज से पूछा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि धारा 370 को राज्य में पुनः बहाल करने के मामले में क्या कांग्रेस की सहमति है?

डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि धारा 370 को समाप्त कर मोदी सरकार ने भारत को एक विधान और एक निशान दिया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंडता के माला में पिरोने का ऐतिहासिक काम किया है,जो अलगाववादी कश्मीर को भारत का हिस्सा न मान पाकिस्तान में मिलना चाहते थे, उनके मंसूबों पर पानी फिर गया था। अब वही पाकिस्तान परस्त राजनीति करने वाले चाहते हैं कि धारा 370 फिर से कश्मीर में लागू हो और वो पाकिस्तानी सेना और आई एस आई के इशारों पर भारत की अखंडता को तोड़ने का काम करे।

# श्रीरामकृष्ण गौशाला की स्थिति चिंताजनक, देखरेख के अभाव में 250 से 90 रह गए मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

नगर के श्री रामकृष्ण गौशाला की स्थिति बदतर होती जा रही है। देखरेख व चारा भूसा के अभाव में गौवंश निरीह बन चुके हैं। पूर्व सरकार के कार्यकाल में समिति के सदस्यों को हटाकर नयी समिति बनाकर गौशाला के संरक्षण का जिम्मा सौंपा गया था, लेकिन तीन सालों में गौशाला की हालत दयनीय हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में गौशाला में 250 से 300 गौवंश थे, लेकिन विगत 3 सालों में यहां की स्थिति बदतर हो गयी है और 80-90 गौवंश ही बचे हैं। पूर्व गौशाला समिति को कांग्रेस शासन काल में भंग कर दिया गया था। वर्तमान में यहां 15-15 दिन चारा, पानी, पशु आहार नहीं रहता, जिससे गौवंश भूखे रहते हैं। इसकी जानकारी कलेक्टर बेमेतरा, गौ सेवा आयोग रायपुर, गौ सेवा आयोग संरक्षक रामबालकदास महात्यागी व मुख्यमंत्री को दे दी गयी है।

### विगत 3 वर्षों में मवेशियों की संख्या में आई बड़ी कमी



#### अनुभवी गौ सेवकों, संचालकों को हटाने के बाद बिगड़ी स्थिति

श्रीरामकृष्ण गौशाला जो 2003 में स्थापित की गई थी की स्थिति चिंताजनक हो गई है। गौशाला का मुख्य उद्देश्य असहाय और कमजोर गायों को संरक्षण देना और पशु तस्करी की रोकथाम करना है लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद गौशाला की स्थिति खराब हो गई है। गौशाला के पूर्व संचालकों को हटा दिया गया है, जो इस विषय में सदैव समर्पित थे और नए संचालकों को नियुक्त किया गया है, जिन्हें गौ सेवा के क्षेत्र में अनुभवी नहीं हैं। इससे गौशाला की स्थिति खराब हो गई है। वर्तमान में गौशाला में केवल 80-90 गौवंश बचे हुये हैं, जिनकी हालत काफी दयनीय हो गई है। गौशाला की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपसंचालक, पशु स्वास्थ्य सेवायें बेमेतरा, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग और कलेक्टर बेमेतरा को दे दी गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

वारदात : नगर में नहीं थम रही चोरी की घटनाएं, शुक्रवार रात फिर हुई वारदात

# चोरों ने एक ही रात तोड़े चार दुकानों के ताले, काउंटर से लाखों रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। विगत एक माह से छिटपुट चोरी के अलावा शुक्रवार रात एक साथ चार दुकानों के ताले टूटे। चोरों ने हरिओम जोधपुर के काउंटर से 50000 नकदी पार, दीपक पटेल 45000, विनोद शर्मा 7000 सभी व्यापारियों की दुकानों के शटर का ताला तोड़कर चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। दुकानदारों ने पुलिस के मौजूदगी में अपना दराज खोलकर देखा तो काउंटर से पैसा का गायब होना बताया। हीरालाल चौधरी ने बताया कि रोज भगवान के पास प्रतिदिन रुपए चढ़ाते हैं, उसको भी चोरों ने नहीं छोड़ा। व्यापारी मनजीत सिंह विरदी, विमल केड़िया ने बताया कि लंबे समय से चोरी की वारदात आम बात हो गई है। इससे व्यपारियों में दशहत का माहौल है। हर रोज मोटरसाइकिल, साइकिल सहित दुकानों का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई बड़ा खुलासा नहीं हुआ है। पूर्व में भी चोरी की घटना नगर में घट चुकी है, पकड़े जाने के बाद भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है।

#### कैमरा बंद, सूचना के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

व्यापारियों ने बताया कि काफी लंबे समय से जय स्तंभ चौक ये नगर का मुख्य स्थान है। यहां पर कैमरा जो जन सहयोग से लगाया गया था, वह भी बंद पड़ा है। इसकी जानकारी विभाग को होने के बावजूद भी उसे सुधारा नहीं गया। शहर में चोरी की वारदातों की संख्या बढ़ रही है, पुलिस को सजग होकर अपराध को अंकुश लगाना जरूरी है। यदि इस और शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो, बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। लोगों का कहना है, कि जो प्रतिदिन नशेड़ी, गांजा, शराब, सट्टा में लिप्त हैं, संभवततः ऐसे ही लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा।




#### संदिग्ध लोगों से की जा रही है पूछताछ : टीआई

इस संबंध में थाना प्रभारी राजकुमार साहू ने बताया कि चोरी की घटना से संबंधित लोगों को थाने में बुलाकर पूछताछ की जारी है। कुछ लोग घटना के बाद से फरार हैं, जिनकी तलाश जारी हैं। जल्द ही पुलिस के द्वारा पकड़े जाएंगे आगे आपने बताया जो अपराधी हैं। पूर्व में चोरी की घटना को अवैध कार्यों में लिप्त है, ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। शैलेंद्र रात्रे, पिता परमानंद रात्रे, चंदन मांडले, पिता संजय मांडले के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। 151 और चोरी के मामले में लिप्त पाए जाने के कारण रिमांड पर जेल भेजा गया है। आगे भी हमारी कार्रवाई जारी रहेगी। चोरी की एफआईआर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।




# पुटपुरा में असामाजिक तत्वों ने यात्री प्रतीक्षालय में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पुटपुरा में स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्मित यात्री प्रतीक्षालय में असामाजिक तत्वों का जमकर आतंक देखने को मिल रहा है। फिलहाल यात्री प्रतीक्षालय में क्षेत्रवासियों के सड़क मार्ग पर बस से आवागमन के दौरान रुककर आराम करने एवं बैठने के लिए बनाई गई कुर्सियों को तोड़ दिया गया है। आसपास के लोगों का कहना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा गस्त के अभाव एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था लचर होने के कारण क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का काफी प्रभाव है। जहां पर इसी तरह शासकीय सम्पतियों एवं सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक लोगों द्वारा तोड़कर बर्बाद किया जा रहा है, किंतु पुलिस सहित स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलन्द हैं।

### जन्माष्टमी पर बंद रहेंगी शराब दुकानें, मांस विक्रय भी प्रतिबंधित

**बेमेतरा।** राज्य शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 26 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा है कि इस दिन जिला बेमेतरा में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकानें सी.एस.-2, समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफ.एल.-1, समस्त देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानें सी.एस. 2 एवं समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता पूर्णतः बंद रहेंगे। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगरीय निकायों की सीमा में स्थित पशुवध गृह एवं मांस बिक्री दुकान को बंद रखने के राज्य शासन के पूर्व जारी निर्देशानुसार पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रहेंगी।

# नारायणपुर-नवागढ़ मार्ग के सम्बलपुर में धंसने लगी सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मारो/सम्बलपुर

लोक निर्माण विभाग बेमेतरा के नवागढ़ उपसंभाग क्षेत्र में स्थित नारायणपुर-नवागढ़ मार्ग पर ग्राम सम्बलपुर में पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क टूटकर धंसने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा करोड़ों रूपये में इस सड़क को तैयार किया गया है, किंतु निर्माण के कुछ ही वर्षो में सड़क कई जगह उखड़ने लगी है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण इन दिनों सम्बलपुर गाँव के पास देखने को मिल रहा है। यहां सड़क जमीन में धंस रही है। वहीं, सड़क की स्थिति खराब होने के बाद भी न तो इस ओर संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है और न ही क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जल्द मरम्मत करने की मांग की है।

# शिक्षक संवर्ग की सभी पदोन्नति समय पर पूरा करें, तो युक्तियुक्तकरण की जरूरत नहीं होगी

### युक्तियुक्तकरण के विरोध में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में शालाओं और शिक्षकों का राज्यव्यापी युक्तियुक्तकरण 2024 के विरोध में सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर छत्तीसगढ़ एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के नाम कलेक्टर बेमेतरा को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला बेमेतरा द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि सेटअप 2008 के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में 3 एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 5 शिक्षक का प्रावधान किया गया था, के बजाय 2 एवं 4.शिक्षक रखें जाने के निर्देश है। कई विभागों में संलग्न




गैर शिक्षकीय कार्य रत शिक्षकों को मूल शाला में वापसी पश्चात ही अतिशेष का युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। भर्ती विज्ञापन 4.5.2023.में विषय बंधन नहीं रखा गया है, पहले था। जो आरटीई का खुला उल्लंघन है। नवनियुक्त शिक्षकों, व्याख्याता का अतिशेष के रुप में मनचाही पद-स्थापना रिक्त पदों की जानकारी को नजरंदाज किया गया। छत्तीसगढ़ के शिक्षक संवर्ग की समस्त पदोन्नतियां समय-सीमा में पूर्ण कर दी जाएं, तो युक्तियुक्तकरण की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अश्वनी कुमार बेनर्जी, जी एल खुटियारे, भावसिंह जनार्दन राजेश ठाकुर, सविता ठाकुर, सेउकराम साहू सहित ब्लाक तहसील पदाधिकारी शामिल थे।

5 सितम्बर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विधायक दीपेश ने ली बैठक

# परंपरानुरूप होगा जिले का 39वां शिक्षक सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षक सम्मान समारोह समिति बेमेतरा द्वारा विगत 38 वर्षों से शिक्षक सम्मान समारोह शिक्षक दिवस गरिमयपूर्ण जिला मुख्यालय में मनाया जाता है। इस बार भी जिले में 39 वां ऐतिहासिक समारोह पांच सितंबर को आयोजित होगा। यह समारोह मुख्यालय स्थित क़ृषि उपज मंडी में किया जाएगा। शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियों एवं आयोजन को लेकर शनिवार सर्किट हाउस में समिति के संरक्षक विधायक दीपेश साहू की अध्यक्षता में सदस्यों एवं पदक दानदाताओं तथा जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे की उपस्थिति में बैठक रखी गई।

बैठक में पूर्व की भांति छत्तीसगढ़ में विख्यात जिले का इस शिक्षक सम्मान समारोह को गरिमा पूर्ण और ऐतिहासिक रूप से इस वर्ष भी मनाए जाने का जहां निर्णय लिया गया वहीं कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा कर अतिथियों के नाम तय किए गए। इस अवसर में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि गुरुजनों के सम्मान में आयोजित यह समारोह समिति द्वारा बनाई गई परंपरा के अनुसार जहां हम सब मिलकर मनाया जायेगा वहीं शिक्षक समाज समारोह की ऐतिहासिकता और महत्व को बरकरार रखते हुए आयोजित होगा। इस दौरान समिति के सचिव जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने पूर्व वर्ष के आयोजन के संबंध जानकारी दी।

**शिक्षकों के साथ प्रतिभावान विद्यार्थी भी होंगे सम्मानित-** गौरतलब हो कि इस वर्ष 39वां शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के चारों विकासखंड बेमेतरा, बेरला, साजा और नवागढ़ के शासकीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों को कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही छग माध्यमिक शिक्षा मंडल पाठ्यक्रम से कक्षा 10वीं में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका और कक्षा 12वीं में कला, वाणिज्य, विज्ञान, गणित एवं कृषि प्रत्येक संकाय में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका को समिति सदस्य एवं पदक प्रदाताओं द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। इसी प्रकार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल पाठ्यक्रम में कक्षा 12वीं गणित, विज्ञान एवं वाणिज्य प्रत्येक संकाय में जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त बालक एवं बालिका को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,रमन काबरा,अमीन पप्पू रवानी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणीश चौबे

सुजीत शर्मा,अरुण सोनी, वाहिद रवानी,अमित तिवारी , दिनेश साहू, शिक्षा विभाग से निलय पांडये सुनील झा सहित समस्त पदक दान दाता उपस्थित रहे।



#### राज्यपाल व उप मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथि होंगे शामिल

बैठक में विभिन्न प्रस्ताव और सुझाव मौजूद सदस्यों ने दिया इसके पश्चात सम्मान समारोह के संरक्षक क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू को समिति के सदस्यों ने अतिथियों के नाम सुझाए। इसके उपरांत विधायक ने त्वरित राज्यपाल रमेश डेका से मुख्यअतिथि एवं अध्यक्षता के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव से 5 सितंबर को जिले के शिक्षक के लिए समर्पित रिटायर्ड शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम के लिए अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम में मंत्री दयालदास बघेल, विधायक ईश्वर साहू शामिल होंगे

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी कल, स्कूलों में शनिवार को मनाया गया उत्सव

**बालोद।** सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामणी अंचलों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने की तैयारी में लोग जुट गए हैं। वहीं, जिला मुख्यालय के तमाम शासकीय व निजी स्कूलों में शनिवार को ही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। नन्हें बच्चों को कृष्ण भगवान व राधा के स्वरूप तैयार कर दही हांडी फोड़ने का कार्यक्रम स्कूलों में किया गया। इस दौरान कई नन्हें बच्चे भगवान श्री कृष्ण व राधा की वेशभूषा में नजर आए।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति से मिलकर लौटी गीतांजलि, विधायक ईश्वर ने खिलाई मिठाई

**साजा।** कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्रा गीतांजलि जंघेल के दिल्ली से राष्ट्रपति से रक्षाबंधन पर मुलाकात करके वापस लौटने पर विधायक ईश्वर साहू ने मुलाकात कर मुंह मीठा कराया और अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान छात्रा ने दिल्ली में अपने अनुभव से विधायक को अवगत कराया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी भी आरसी बीडी बघेल विद्यालय की संचालिका शिल्पा तिवारी उपस्थित है। विधायक ईश्वर साहू ने विद्यालय में अपनी ओर से नेवता भोज कराने की बात कहते हुए कहा कि बच्चों के साथ एक दिन बैठकर स्कूल में समय बिताएंगे।

### स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में कवि प्यारेलाल ने किया पौधारोपण



**अंडा।** पर्यावरण के संरक्षण व संर्वधन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के पूर्व वाहन चालक कवि प्यारे लाल देशमुख ने ग्राम निकुम में लगभग 50 पौधे लगा चुके हैं। उनके द्वारा लगाए गए आम, जामुन, जाम, कटहल, कदम, बरगद, पीपल, नीम, बेल एवं गुलमोहर जैसे कई पौधे बढ़कर इन दिनों पेड़ बन गए हैं, जो धरती का श्रृंगार करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अपने इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए श्री देशमुख ने हलषष्ठी पर्व के अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ के साथ करन, बेल, बादाम जैसे पौधों का रोपण किया। इस कार्य में गोमती-रमेश पवार, मिथलेश (सोनू) देशमुख, रेखा, ममता साहू, रेखा साहू का योगदान रहा। इस अवसर पर कवि प्यारेलाल देशमुख ने लोगों को पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हैं, तभी तक मनुष्य और अन्य जीवों का अस्तित्व है।

### समाज सेवी डालचंद ने माताओं को भेंट की दूध दही और घी

**बालोद।** घीना समाज सेवी डालचंद जैन ने बच्चों की लम्बी उम्र के लिए छत्तीसगढ़ में कमरछठ उपवास के दौरान पूरे माताओं को दूध, दही और घी का निःशुल्क वितरण किया। पूरे ग्रामवासी महिलाएं राम जानकी मंदिर के पास सगरी बनाकर पूजा अर्चना की और अपने बच्चों की लम्बी उमर की कामना की। पंडित वरुण देव तिवारी ने कमरछठ पर्व की पूजा कराई।

### निर्मल ने पिता की स्मृति में बच्चों को कराया न्योता भोज



**गुरूर।** ग्राम तितुरगहन निवासी निर्मल कुमार साहू ने अपने पिताजी स्व. हेमनाथ साहू की बरसी पर उनकी स्मृति में शासकीय प्राथमिक शाला तितुरगहन में न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने परिवारजनों के साथ बच्चों को पूर्ण रूप से न्यौता भोज कराया। उन्होंने एवं उनके परिवार के सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। इस अवसर पर शाला के पूरे बच्चे, शिक्षक व पालक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**पर्व :** अंचल में पारंपरिक रूप से श्रद्धा के साथ मनाई गई हलषष्ठी

# महिलाओं ने सगरी की पूजा कर बच्चों को लगाई डुबकी, मांगी उनकी लंबी उम्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

संतान की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला हलषष्ठी व्रत महिलाओं ने शनिवार को श्रद्धा के साथ परंपरागत रूप से मनाया। इस अवसर पर नवागढ़ नगर की महिलाओं ने व्रत रखा और सगरी बनाकर पूजा-अर्चना की और अपने संतान की दीर्घायु होने की कामना की। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के जन्मदिन पर हल षष्ठी पर्व मनाया जाता है। इसे हलछठ, हरछठ व्रत, कमर छठ या खमर छठ के नामों से भी जाना जाता है। क्योंकि श्री बलराम का शस्त्र हल है, इसलिए इस पूजा में बिना हल जोते उगने वाले धान के चावल पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का भोग लगाया गया। पूजा के पश्चात महिलाओं ने पसहर चावल को पकाकर खाया और व्रत का पारण किया। नगर में यह व्रत मिश्रा पारा, सुकुल पारा, बीच पारा, दर्री पारा, बावा पारा, देवांगन पारा, बावली पारा, शंकर नगर, सिविल लाइन आदि क्षेत्र की महिलाओं ने रखा और सामूहिक पूजन किया। पूजा से लौटने के बाद माताओं ने अपने बच्चों की पीठ पर पीली पोती मारकर उनके दीर्घायु की कामना की।



### पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजियों से तोड़ा व्रत

कमरछठ के दिन महिलाओं ने बिना हल के उपजे पसहर चावल का खाना पकाकर 6 प्रकार की भाजियों के साथ ग्रहण किया। साथ ही गाय के दूध, दही, घी के बदले भैंस के दूध, दही और घी का सेवन किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में खमरछठ के दिन हल को छूना तो दूर हल चली जमीन पर भी महिलाएं पैर भी नहीं रखतीं और हल चले अनाज को भी ग्रहण नहीं करतीं।

### बलराम का जन्म दिन

पंडित आचार्य श्रीकांत शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि हलषष्ठी के दिन बलराम का जन्म हुआ था और उनके दो दिन बाद जन्माष्टमी को श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। वहीं, भगवान कार्तिकेय का जन्म भी हल षष्ठी के दिन माना जाता है। बलराम को शस्त्र के रूप में हल मिला था, इसलिए इसे हल षष्ठी भी कहा गया है।

### 6 प्रकार की भाजियां खरीदने उमड़ीं महिलाएं

संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए माताएं खमरछठ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को पसहर चावल के साथ ही महुआ तथा दोना-पत्तल काशी सहित पूजा में उपयोग आने वाली अन्य सामग्रियों की खरीदारी करने बाजारों में पहुंची थीं। इस दौरान शहर के बाजार और अन्य जगहों पर सुबह से शाम तक खासी रौनक रही।



### महिलाओं ने मांगी बच्चों की लंबी उम्र

**बेमेतरा।** पारंपरिक त्योहार खमरछठ शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए दिनभर उपवास रखा। शाम को लाई, पसहर, महुआ, दूध-दही आदि का भोग लगाकर सगरी की पूजा की गई। शहरों, ग्रामीण, मोहल्लों और मंदिरों में मां हलषष्ठी की कथा पढ़ी और सुनी गई। शहर एवं गाँव के लगभग सभी मोहल्लों में इस मौके पर सगरी पूजा का आयोजन किया गया था। ग्राम केंवाछी, की ग्रामीण खेलन वर्मा ने कहा कि बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा किया जाने वाला छत्तीसगढ़ी संस्कृति यह ऐसा पर्व है जिसे हर जाति और वर्ग के लोग मनाते हैं। माताओं ने सुबह से महुआ पेड़ की डाली का दातून कर, स्नान कर व्रत धारण किया। दोपहर बाद घर के आंगन और मंदिरों में सगरी बनाई गई। इसमें पानी भरा गया। बेर, पलाश, गूलर आदि पेड़ों की टहनियों और काशी के फूलों से सगरी की सजावट की गई। इसके सामने गौरी-गणेश, मिट्टी से बनी हलषष्ठी माता की प्रतिमा और कलश की स्थापना कर पूजा की गई। साड़ी समेत सुहाग के दूसरी चीजें भी माता को समर्पित की गई। उसके बाद हलषष्ठी माता की 6 कथाएं पढ़ी और सुनाई गईं।

**बिना हल चले स्थान पर उगे पसहर चावल, भाजी खाकर तोड़ा उपवास-** इस अवसर पर बिना हल चले स्थान पर उगे पसहर चावल एवं विभिन्न प्रकार की भाजी से शाम को उपवास तोड़ा गया। इस पूर्व माताओं ने श्रद्धा भक्ति के साथ मिट्टी से निर्मित भगवान शिव मां पार्वती गणेश की पूजा अर्चना की। पसहर चावल के अलावा फूल, नारियल, फुलोरी, महुआ, दोना, टोकनी, लाई, भाजी, मिट्टी का दीपक भी खरीदा गया।

**बच्चों की पीठ पर मारी पोती-** पूजा के बाद माताएं ने नए कपडे का टुकड़ा सगरी के जल में डुबाकर घर ले गई और अपने बच्चों के कमर पर पीठ पर छः बार रखा और हल्के हाथों से मार कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। मान्यता है कि पोती मारने से बच्चों की आयु बढ़ती है।

**बिजली ऑफिस कालोनी में मना हलषष्ठी पर्व-** शहर के बिजली ऑफिस कालोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में हलषष्ठि पर्व पर पंडित कमलनारायण जोशी के द्वारा पूजन का कार्य संपन्न कराया गया। महिलाओं ने अपने पुत्र पुत्रियों की दीर्घायु के लिए कामना करके व्रत किया। माता की पूजा कर पूजा में बाटी, भौरा, एवम श्रृंगार समान चढ़ाकर सगरी पूजा किया गया।

## सगरी बनाकर की भगवान शिव-पार्वती की पूजा, बच्चों के लिए मांगी सुखी व लंबी आयु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संतान की लम्बी आयु की कामना के साथ माताओं का आस्था का पर्व कमरछठ भगवान श्री बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में श्रद्धा के साथ मनाया गया। बलराम जी का प्रधान शस्त्र हल और मूसल है, इसलिए इस दिन को हलषष्ठी, हरछठ के रूप में भी मनाया जाता है और इसीलिए भगवान श्री बलराम को हलधर के नाम से जाना जाता है। अंचल सहित विधायक कार्यालय बेमेतरा में परंपरागत ढंग से बड़े ही धूमधाम से महिलाओं ने कमरछठ का पर्व मनाया। विधायक दीपेश साहू ने निज निवास पर हलषष्ठी पर्व का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान शिवजी व माता पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर भगवान शंकर माता पार्वती की प्रतीक के रूप में सगरी भूमि पर स्थापित देवी देवताओं की नगर की महिलाओं ने पूजा अर्चना की। उन्होंने संतानों की दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हुए खुशहाली की कामना की।





इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हमारी पहचान स्थानीय परंपरा में कमरछठ का पर्व मां के पुत्र के प्रति समर्पण, अपनत्व तथा सामाजिक सरोकार से जुड़ा हुआ पर्व है। इस दिन सभी माताएं अपनी संतानों को विभिन्न प्रकार के ईश्वरीय भोग, लाई का दोना तथा पसहेर का चावल, भैंस के दूध, घी, अनेक प्रकार की भाजी का सेवन कर व्रत को तोड़ते हैं। पूजा-अर्चना कर अपनी संतानों के लिए सुखी एवं मंगल जीवन की कामना करती हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नगर की सभी महिलाओं को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राजेश शर्मा, गौरव साहू, विकास घरडे, रेवा राम निषाद, राजीव तम्बोली, दिनानाथ साहू, ललिता साहू, लक्ष्मी साहू, ममता साहू, मीनू पटेल, सुमीता यादव, पिंकी गुप्ता, झामीन साहू, प्रभा साहू, एकता साहू, देवकी साहू, हेमा साहू, ओमेश्वरी साहू, रानू साहू सहित नगर की महिलाएं शामिल हुईं।

## वार्ड क्र 11 की महिलाओं ने रखा हलषष्ठी व्रत



**बेमेतरा।** भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव की खुशियां व संतान सुख के प्राप्ति के लिए बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 11 बाबा रामदेव वार्ड में महिलाओं ने हलषष्ठी व्रत रखकर पूजा अर्चना की। वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि हलषष्ठी व्रत हम भारतीय महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत होता है जिसमे महिलाएं अपने संतान सुख हेतु भगवान से प्राथना करती हैं। इस अवसर पर प्रतिमा चौबे,पूनिया बाई,जानकी यादव,हेमलता साहू,पन्ना यादव,सरस्वती शर्मा भगवती साहू,बिमला साहू,सोनिया मानिकपुरी,मीना यादव,एवं वार्ड की समस्त माताएं उपस्थित थीं।



## देवकर सहित अंचल में श्रद्धा के साथ मनाया गया हलषष्ठी व्रत

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर सहित परिक्षेत्र में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार हलषष्ठी व कमरछठ का पर्व विधि पूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु की कामना के लिए हलषष्ठी का व्रत रखा गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। देवकर नगर वासी महिलाओं ने अलग अलग स्थानों पर मोहल्लों एवं चौराहों पर पूजा अर्चना की गई।

## ग्राम सौरी में मना हलषष्ठी पर्व



**थानखम्हरिया।** हलषष्ठी के पावन पर्व पर ग्राम सौरी की माताएं और बहनें अपने पुत्र और परिवार के सुख-शांति के लिए भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती का व्रत रखा। पंडित माखन प्रसाद शुक्ला ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हलषष्ठी व्रत की कथा सुनाई। पूजा के बाद प्रसाद के रूप में पसहर चावल की खिचड़ी और 6 प्रकार का मिश्रण भाजी सब्जी पत्तल में परोसा गया। साथ ही लाई, चना, गेहूं, मटर, महुआ मिश्रण भोग का प्रसादी वितरण किया गया।

## दाढ़ी अंचल में धूमधाम से मनाई गई हलषष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

शनिवार को अंचल में कमरछठ पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए माताओं ने बस्ती में विभिन्न स्थानों पर विधिवत सगरी बनाकर पूजा-अर्चना की।



## चीजगांव में महिलाओं ने रखा कमरछठ व्रत

**साजा।** विकासखण्ड के ग्राम चीजगांव की महिलाओं ने कमरछठ व्रत रखकर संतान की लंबी आयु की कामना की। सभी महिलाओं ने शीतला मंदिर प्रांगण पहुंचकर पूजन-अर्चना की। पुरोहित महाराज चेतन शर्मा ने पूजा कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं उपस्थित थे।



कस्तूरबा विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

# सलाम इसरो की थीम पर बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग को एक वर्ष पूर्ण होने पर इस दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे ने बताया कि आज का दिन हमारे चंद्रयान 3 की सफलता की याद दिलाता है। आज के दिन चंद्रयान 3 शिव शक्ति बिंदु पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और साफ्ट लैंडिंग की गई तथा चांद की सतह पर प्रज्ञान रोवर को तैनात किया गया। भारत के इतिहास में यह दिन अविस्मरणीय है। इस दिन की उपलब्धि के कारण भारत सरकार ने आज के दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। इस दिवस पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरिक्ष पर आधारित मॉडल, चित्र, प्रश्न मंच प्रतियागिता का आयोजन किया गया। सलाम इसरो के थीम पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, सौर परिवार को बहुत सुंदर नाटक के माध्यम से बच्चों ने प्रस्तुत किया। कुमारी प्राची अंतरिक्ष यात्री की वेशभूषा में अंतरिक्ष में यात्रा की अनुभूति करा रही थी। कार्यक्रम में बच्चे उत्साह से भरे हुए थे। चंद्रयान 3 की सफलता पूरे भारत का गौरव है यह दिन हम सबको गौरान्वित करता है। इस कार्यक्रम में राज किरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, ज्योति चंद्राकार, शिखा चौबे, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिहा, सावित्री यादव, दीप्ति नोरंगे उपस्थित रही।



